SHRI ANNASAHIB SHINDE : The Central Government is agreed on the importance of the development of fisheries internally so as to make available cheap fish to the people of West Bengal and Assam and for our fish eating population in the country. Therefore, you will see that whereas in the Third Plan we had provided only Rs. 28 crores for development of fisheries, in the Fourth Plan, it has been increased almost thrice to about Rs. 84 crores.

Although development of inland fisheries is a State subject, so far as Bengal is concerned, we have taken special steps for development of the Sunderbans. The Sunderbans is a vast area. Whereas in no other State have taken up fisheries development yet, in West Bengal, we have taken it up as a Central Project; in view of the special situation obtaining in West Bengal, we have taken up the development of the Sunderbans as a Central project, and we are going to spend about Rs. 50 lakhs during the next four years for this purpose.

Some hon. Members had referred to the need for the development of the Chilka lake, so as to make available Chilka fish to the population in Orissa and Calcutta. We have only seven refrigerator vans in our country, but we have provided 4 to the Chilka fisheries, so that fish could be taken from the Chilka lake to Calcutta and West Bengal markets. We are going to have one more in the near future. My hon. friend had referred to the development of the Roychawk harbour.

SHRI SAMAR GUHA : 40 per cent of the Calcutta supply was coming from the fisheries from the 24 Parganas. But all those fisheries have been looted, and now they have turned bare. May I know what steps Government are going to take to redevelop those fisheries there ?

SHRI ANNASAHIB SHINDE : I am afraid my hon. friend had not properly listened to my observations. I do concede the point that disturbed conditions in West Bengal are coming in the way of development of fisheries. So far as Roychawk is concerned, I hope that within a month or two, the final sanction whould be received and it would be possible to take up the activities there.....

SHRI JYOTIRMOY BASU : It has been pending with the Finance Ministry for the last four months.

SHRI ANNASAHIB SHINDE : The hon. member has made some sugge stions about Namkhana harbour.....

SHRI JYOTIRMOY BASU : When are they going to commence work in Roychowk What they do between themselves and the Finance Ministry is an internal arrangement

MR. CHAIRMAN : No interruptions.

SHRI ANNASAHIB SHINDE : It would not be correct to say that there has been no increase in the production of inland fisheries in W.Bengal. During the last 10 15 years there has been an increase to the tune of almost 80-90 per cent. But if the law and order situation is better we are prepared to help by way of credit and central assistance. If West Bengal wants to enlarge its plan of fisheries, I am prepared to include that and see what can be done from the Centre to help West Bengal.

In regard to Assam, on the question of the Brahmaputra development the Assam Government must take some steps. Then the Centre will play its role in helping Assam.

MR. CHAIRMAN : We will now take up the next item-Discussion regarding State hood for Delhi. Shri Kanwar Lal Gupta.

17.16 hrs.

DISCUSSION *RE* : DEMAND FOR STATEHOOD FOR DELHI

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : सभापति जी, यह प्रसन्नता की बात है कि दिल्ली के हरएक राजनैतिक दल एक स्वर से यह माँग कर रहे हैं कि दिल्ली को पूरे राज्य का दर्जा दिया जाय लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि के केन्द्रीय सरकार इस को स्वीकार नहीं करती। 1952 से लेकर के आज तक दिल्ली के ढांचे में तीन बार परिवर्तन किया जा चुका है। पहले यहां पर पार्ट (सी) स्टेट को असेम्बली थी

1952 में। 1958 में उस को तोड़ कर नगर निगम बनाया। उस के बाद 1967 में मेट्रोपोलिटन कौंसिल बनाई गई और अब ए आर सी की रेकमेंडशन के बाद कोई नया ढांचा बदला जायगा। इस प्रकार से 15 साल में चार बार दिल्ली के ऊपर एक्सपरिमेंट किए जा रहे हैं। मेरी प्रार्थना है कि भगवान के लिए दिल्ली के लोग जो एक स्वर से मांग कर रहे हैं मन्त्री महोदय उसको स्वीकार कर लें और इस प्रकार एक के बाद दूसरा एक्सपरिमेंट दिल्ली के लोगों के ऊपर करना बन्द करें। दिन पर दिन दिल्ली के ढांचे के अन्दर डीटरिओरेशन आ रही है। मुझे मालूम है कि अगर कोई वकील किसी कमजोर केस की वकालात करे तो कठिनाई होती है लेकिन फिर भी वह कर सकता है, लेकिन अगर वकील को यह मालूम हो कि जज जो सामने बैठा है उसने दिमाग बना लिया है तो कितना भी केस मजबूत क्यों न हो, वह वकालात नहीं कर सकता। मेरा भी हाल उसी वकील जैसा है। मुझे मालूम है कि पंत जी का दिमाग बना हुआ है और मेरा केस मजबूत होने पर भी जो सरकार की तरफ से जवाब आना है वह भी मुझे मालूम है। सरकार कहती है कि यहां पर कोई प्रेसीडेंट ऐसा नहीं है। कोई कहता है कि दो दो सरकारें नहीं चल सकती। मैं कहता हूं कि प्रेसीडेंड के पीछे आप जाते क्यों हैं? क्या कोई ऐसा प्रेसीडेंट है कि जिस देश की आबादी 50 करोड़ हो वहां एडल्ट फेंचाइज़ के ऊपर हरएक बालिग को मत देने का अधिकार एवं सुविधा हो? अमेरिका में भी एडल्ट फेंचाइज़ है लेकिन वहां पढ़ा लिखा होना जरूरी हैं। इल्लिटरैट को वहां मत देने की सुविधा नहीं है। लेकिन हमने दी है। कहीं भी इस प्रकार की सुविधा नहीं है। वहां पर और भी कई ऐसी सुविधाएं हैं जो दी गई हैं। 50 करोड़ की आबादी के देश में 5-6 करोड़ का यू० पी० और फिर तीन लाख सवा तीन लाख की आबादी का नागालैंड, उस को भी राज्य का दर्जा आप ने दिया है, मणिपुर को भी दिया है, त्रिपुरा को भी दिया है। तो यह भी कहीं प्रेसीडेंट नहीं है। जवाहर लाल जी कहा करते थे कि हमेशा प्रेसीडेंट्स की बात करना बेवकूफी की बात है। बदलते हुए जमाने में आप का अप्रोच नया होना चाहिए। आप कोई नया प्रेसीडेंट क्यों नहीं कायम करते? और अगर प्रेसीडेंट ही देखना चाहते हैं तो जो केपीटल है ओटावा उसकी तरफ मैं ध्यान दिलाना चाहता हूं। वहां पर एसेम्बली है और केनाडा के अन्दर जो चार प्रांत हैं उनको जो अधिकार हैं वही वहां पर ओटावा को भी अधिकार हैं। तो प्रेसीडेंस का क्या देखना है, स्वयं दिल्ली के अन्दर 1952 में पं० जवाहर लाल नेहरु ने दिल्ली को असेम्बली दी थी—यह बहुत बड़ा प्रेसीडेंस है, इस लिये इस में प्रेसीडेंस की जरूरत नहीं है।

यह कहा जाता है कि वाशिंगटन और केनबरा का मुकाबला दिल्ली से नहीं किया जा सकता। वाशिंगटन और कैनबरा जो बनाये गये, वह सिर्फ कैपिटल के किये बनाये गये, लेकिन दिल्ली की स्थिति दूसरी है,- उस का अपना पुराना कल्चर है, दिल्ली की आबादी ज्यादा है, दिल्ली की अपनी समस्यायें हैं, दिल्ली नार्थ-इण्डिया का सब से बड़ा डिस्ट्रीब्यूटिंग सेन्टर है, इसलिये दिल्ली और वाशिंगटन का मुकाबला नहीं किया जा सकता। वाशिंगटन की आबादी कितनी होगी—शायद एक लाख होगी, आस्ट्रेलिया की जो कैपिटल है उस की आबादी कितनी होगी-शायद 8-10 लाख होगी, लेकिन दिल्ली की आबादी 45 लाख है। लोग ऐसी जगहों में रहते हैं जहां नागरिक सुविधायें नहीं हैं, जहां पीने के लिए पानी नहीं है, जहां शौचालय नहीं है, लोगों के घरों में रोशनी नहीं आती है, मकानों में पक्के फर्श तक नहीं हैं, यहां पर समस्यायें दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही हैं, यहां का ला-एण्ड आर्डर सिस्टम डिटीरियोरेट हो रहा है, हाउसिंग प्राबलम है, इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए नेहरू जी ने स्वयं 1952 में दिल्ली को असेम्बली दी थी।

[श्री कंवरलाल गुप्त]

सभापति महोदय, अब मन्त्री महोदय कहते हैं कि कैपिटल में एक सरकार होनी चाहिये, दो सरकारें नहीं होनी चाहियें। पिछले 12-13 सालों से एक ही सरकार है, बतलाइये कौन सा डवेलपमेंट दिल्ली का हुआ? क्या यही डवेलपमेंट है कि यहां पर इतनी मल्टीप्लिसिटि अथारिटीज़ है, कहीं नई दिल्ली म्युनिसिपल कमेटी है, कहीं कैन्टूनमेंट बोर्ड है, दिल्ली कारपोरेशन है, डी० डी० ए० है, मैट्रोपोलिटन कौन्सिल है, लेफ्टीनेंट गवर्नर अलग है, इनके अलावा गवर्नमेंटआफ इण्डिया की मिनिस्ट्रीज़ हैं। अगर टीचर्स ने अपने पे-स्केल की बात करनी है, तो कारपोरेशन से शुरू करते हैं, उसके बाद मामला मैट्रोपोलिटन कौन्सिल में जायगा, लेफ्टीनेंट गवर्नर के पास जायगा, एजूकेशन मिनिस्ट्री में जायगा, फाइनेंस मिनिस्ट्री में जायगा, प्राइम मिनिस्टर के पास जायगा, होम मिनिस्ट्री में जायगा, रावण की तरह से 10 मुंह का राक्षस खड़ा कर रक्खा है, लेकिन दिल्ली वालों के लिये एक स्टेट गवर्नमेंट नहीं दे सकते, जो उनके साथ ज़िम्मेदारी से बात करके उनके मामले को तय करे। इसलिये, सभापति महोदय, जब तक दिल्ली को स्टेटहुड नहीं मिलेगा, तब तक यह बीमारी नहीं टल सकती।

एक बात यह कही जाती है कि अगर डिफरेंस आफ ओपीनियन हो जाय तो क्या होगा? दिल्ली असेम्बली 5 साल तक रही, सन् 1952 से 1957 तक, क्या मन्त्री महोदय एक केस भी कोट कर सकते हैं, जब डिफरेंस आफ ओपीनियन रहा हो और कोई गड़बड़ी हुई हो। एक केस भी ऐसा नहीं है और दिल्ली असेम्बली का रिकार्ड शानदार रिकार्ड रहा है—इस के बारे में दो रायें नहीं हो सकतीं।

मन्त्री महोदय कहते हैं कि दिल्ली में एक गवर्नमेंट होनी चाहिये। मैं पूछता क्या हूं दिल्ली में अभी एक गवर्नमेंट है? अगर आप ने ए० आर० सी० की रिकमंडेशन को मान लिया, तो क्या यहां पर एक गवर्नमेंट रहेगी। ए० आर० सी० ने क्या कहा है—उसने कहा है कि जो ट्रांस्फर्ड सब्जैक्टेंस हैं, उनका बजट पहले मैट्रोपोलिटन कौंन्सिल डिस्कस कर ले, उसके बाद पार्लियामेंट उसमें बगैर बदल किये उस को मंजूर कर ले। इसी तरह से ट्रांस्फर्ड सब्जैक्ट्स के कानून बनाने का काम पहले मैट्रोपोलिटन कान्सिल करे। वहां पास होने के बाद पार्लियामेंट उसमें बगैर बदल किये उसको पास कर दे। हां, रिज़र्व्ड सब्जैक्ट्स के बारे में उन्होंने पार्लियामेंट को अधिकार दिया होगा। इसी तरह से कारपोरेशन के बारे में बजट का सारा अधिकार मैट्रोपोलिटन कान्सिल को दिया है। मैं पूछना चाहता हूं कि यह डायार्की क्यों होनी चाहिये। अगर ट्रांस्फर्ड सब्जैक्ट्स के बजट को पार्लियामेंट ने वैसे ही पास करना है, अगर ट्रांस्फर्ड सब्जैक्ट्स के लेजिस्लेशन को पार्लियामेंट ने वैसे ही पास करना है तो फिर पार्लियामेंट मे किस लिये आना चाहिये। यह डायार्की सिस्टम क्यों चाहिये? आप कहते तो यह हैं कि हम यहां दो गवर्नमेंट नहीं चाहते, लेकिन अगर ए० आर० सी० की रिकमंडेशन को मान लिया गया तो यहां दो-तीन तो स्टैचूटरी बाड़ीज़ ही होंगी—इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड, ट्रांस्पोर्ट बोर्ड, वाटर बोर्ड, मैट्रोपोलिटन कांसिल, पार्लियामेंट और इनके बाद जितनी मिनिस्ट्रीज़ हैं ये सब आथोरिटीज़ के रूप में बढ़ जायेंगी। जिस समय दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन बिल आया था उस समय भी यही कहा गया था कि मल्टीप्लीसिटी आफ अथारिटीज़ को कम कर रहे हैं, लेकिन नतीजा क्या निकला, अथारिटीज़ बढ़ती गई और ए० आर० सी० की रिकमेण्डेशन को इम्पलीमेन्ट करने के बाद तो और ज्यादा बढ़ने वाली हैं। मेरा कहना यह है कि ए० आर० सी० ने अपने माइण्ड को ठीक तरह से एप्लाई नहीं किया है, वह इसकी गहराई में नहीं गई है। जैसा मैंने कहा है उनको बजट की फाइनल पावर्स क्यों नहीं देनी चाहिये,

लेजिस्लेशन की फाइनल पावर उन को क्यों नहीं दी जानी चाहिये, पार्लियामेंट को इस में रखने की क्या जरूरत है ?

सभापति महोदय, आप इसको इस दृष्टि से भी देखिये–अगर पार्लियामेन्ट को लेजिस्लेशन की पावर दी गई तो क्या इस पार्लियामेंट के पास इतना समय है कि दिल्ली के कानूनों की तरफ ध्यान दे सके। पचास करोड़ लोगों की समस्यायें इस पार्लियामेन्ट को देखनी हैं, आज राज्यों में विभिन्न दलों की सरकारें बन रही है, उनकी समस्यायें आती हैं, कहीं डिस्मिसल होता है, कहीं प्रारोग होता है, देश के दोनों तरफ चीन और पाकिस्तान से डिफेंस की समस्या हमारे सामने आती है और आप को सुनकर आश्चर्य होगा, मेरे पास यह लिस्ट है, दिल्ली के 12 विधेयक 1967 से लेकर आज तक गवर्नमेंट आफ इण्डिया के पास पड़े हुए हैं, यही कहा जाता है कि अण्डर-कन्सीट्रेशन हैं या पार्लियामेंट के पास हैं, लेकिन पार्लियामेंट के पास उनको पास करने की फुरसत नहीं है। मैं उन विधेयकों के नाम पढ़कर सुना देना चाहता हूं–दिल्ली उच्च न्यायालय संशोधन विधेयक, 1967, सड़क-परिवहन नगर निगम संशोधन विधेयक, 1967, दिल्ली विद्युत प्रदाय संशोधन विधेयक, 1967, इस तरह से सब मिला कर 12 विधेयक हैं, कोई 3 साल से पड़ा है, कोई साढ़े तीन साल से पड़ा है, गवर्नमेंट आफ इण्डिया और पार्लियामेंट को उनको निकालने की फुरसत नहीं है और मिल भी नही सकती क्योंकि पार्लियामेंट के अपने बिल, जहां तक मुझे याद है, 70 के करीब इस सदन के सामने पड़े हुए हैं। हम जब स्पीकर साहब से कुछ कहते हैं तो वह यह कहते हैं कि यह पार्लियामेंट है, दिल्ली असेम्बली नहीं है। तो बतलाइये, दिल्ली के लोगों की तकलीफों को कौन सुनेगा ? मैं मन्त्री महोदय से यह कहूंगा कि इस में कोई प्रेस्टिज की बात नहीं है, जब आप के पास समय नहीं है तो लेजिस्लेशन का अधिकार दिल्ली असेम्बली को देना चाहिए।

सभापति महोदय, अगर मेरिट्स पर जाय तो मैं कहना चाहूंगा कि आप ने मणिपुर, त्रिपुरा, और हिमाचल प्रदेश को स्टेटहुड दिया है, नागालैंड का भी मान लिया है। नागालैंड की आबादी 4.33 लाख है, हिमाचल प्रदेश की 35.25 लाख है, मणिपुर की 11.20 लाख है, त्रिपुरा कि 15.13 लाख है, लेकिन दिल्ली की आबादी 42.41 लाख है इन सब से ज्यादा पापुलेशन दिल्ली की है। अब रेवेन्यू को देखिये-1969-70 में त्रिपुरा की रेवेन्यूरिसिप्ट्स 1 करोड़ 74 लाख है, हिमाचल प्रदेश की 17 करोड़ 98 लाख है, मणिपुर की 1 करोड़ 81 लाख है, लेकिन दिल्ली की रेवेन्यू रिसीप्ट्स 42.87 करोड़ है, इसके अलावा इन्कम टैक्स और एक्साइज ड्यूटी में दिल्ली से 60 करोड़ रुपया सालाना आता है। आपको सुन कर आश्चर्य होगा कि सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से जो ग्रान्ट, सब्सिडी या लौन मिलता है, मणिपुर को करीब 68 परसेन्ट उनके सारे बजट का जाता है, त्रिपुरा को 69 परसेन्ट जाता है, हिमाचल प्रदेश को 51 परसेन्ट जाता है, लेकिन दिल्ली को 10 परसेन्ट मिलता है। जो स्टेट अपने पैरों पर खड़ी हो सकती है, जिसकी फाइनेन्शियल वायाबिल्टी है, जिसके पास पैसा है, जिसकी आबादी ज्यादा है, जहां पर लिट्रेट्स की संख्या सब से ज्यादा है, उस को आप किसी न किसी बहाने फुल-फ्लेज्ड स्टेट नहीं बनने देना चाहते, क्योंकि वह आप को सूट नहीं करता। यह ठीक है कि आज यहां जनसंघ की हुकूमत है, लेकिन पहले जनसंघ नहीं था, आप की पार्टी थी, इसलिये पोलिटिकल कन्सीड्रेशन बीच में नहीं आना चाहिये। मैरिट्स के हिसाब से यह चीज तय होनी चाहिए। ए०आर०सी० ने क्या रिकमेंडेशन दी है ? आपको याद होगा कि हिमाचल के बारे में स्टेट होम मिनिस्टर ने राज्य सभा में 9–8–68 को यह कहा था कि सिद्धान्त रूप में हम यह मानते हैं कि हिमाचल प्रदेश को स्टेटहुड मिलना चाहिए और जिस दिन उनकी फाइनेंशियल पोजीशन ठीक हो जायेगी, हम उनको स्टेटहुड

[श्री कंवरलाल गुप्त]

दे देंगे। अब दो वर्ष के बाद आपने उनको स्टेटहुड दे दिया—मुझे इसमें कोई एतराज नहीं है बल्कि खुशी है। लेकिन में यह पूछना चाहता हूं क्या हिमाचल प्रदेश की फाइनेंशियल वाइबिलिटी पूरी हो गई इन दो सालों में? क्या उनको जितना पैसा चाहिए था वह पूरा हो गया? नहीं, पैसे की हालत वैसी ही है लेकिन चूंकि आपकी पालिटिक्स कहती है कि हिमाचल को स्टेटहुड दो इसलिए आपने उनको दे दिया। और दिल्ली में चूंकि आपको सूट नहीं करता है इसलिए आप देना नहीं चाहते हैं। तो आपका जो नापने का तराजू है, आपका जो गज या राड है वह हिमाचल के लिए अलग है, त्रिपुरा के लिए अलग है और दिल्ली के लिए अलग है।

सभापति महोदय, एस०आर०सी० ने मनीपुर और त्रिपुरा के बारे में यह रिकमेंडेशन दी थी कि उनको आसाम के साथ मिला दिया जाये और ए०आर०सी० की भी यही रिकमेंडेशन थी। लेकिन वहां तो आपने ए० आर० सी० की रिकमेंडेशन को धूल में फेंक दिया, हिमाचल को दे दिया और सबको दे दिया लेकिन जब दिल्ली की बारी आती है तो ए०आर०सी० को सामने रख देते हैं। तो यह डबुल स्टेन्डर्ड और डिस्क्रिमिनेशन दिल्ली वालों के लिए ठीक नहीं है।

सभापति महोदय, अभी उस दिन मन्त्री महोदय ने राज्य सभा में कहा कि ए०आर०सी० रिकमेंडेशन के बाद हो सकता है कि दिल्ली कार्पोरेशन को तोड़ दिया जाये। दिल्ली कार्पोरेशन के एलेक्शन्स 7 मार्च, 1971 को होने वाले हैं। इसलिए पंतजी से मेरी मांग है कि अगर उनमें थोड़ी सी भी फेयरनेस है तो दिल्ली का कार्पोरेशन रहने वाला है या नहीं, इस बात का फैसला आप एलेक्शन के पहले ही कर दीजिए। यह कहना गलत होगा कि हम बाद में फैसला करेंगे क्योंकि अगर जनसंघ पावर में आ गई तो आप उसको तोड़ देंगे और अगर कांग्रेस पावर में आ गई तो रहने देंगे। इस तरह की चाल चलना में समझता हूं अनुचित होगा। आप चुनाव के पहले ही फैसला कीजिए कि आप कार्पोरेशन रखना चाहते हैं या नहीं। अन्डर ड्यूरेश अन्डर थ्रेट और धमकी के अन्दर चुनाव करायेंगे तो वह फेयर चुनाव नहीं होंगे।

सभापति महोदय, आज क्या हालत है? आज क्या अधिकार है? जो चीफ एग्जीक्यूटिव कोसिलर है वह नामिनेटेड आदमी है। वह मेट्रोपोलिटन के लिए रेस्पांसिविल नहीं हैं। वे अपने चपरासी को भी एप्वाइन्टमेन्ट नहीं कर सकते है। वे अपने चपरासी का ट्रान्सफर भी नहीं कर सकते है। सारी मेट्रोपोलिटन कौसिल जो कि एलेक्टेड है वह बजट के बारे में बात नहीं कर सकती है, बजट पास नहीं कर सकती है। उसको कोई फाइनेंशियल पावर नहीं है। और मल्टिप्लिसिटि आफ एथारिटीज तो इतनी है कि अगर किसी आदमी को अपना मकान बनवाना है तो उसे यह नहीं मालूम कि वह कहा जायेगा? एन०डी०एम०सी० के पास जाये, डी०डी०ए० के पास जाये, इम्प्रूयमेन्ट ट्रस्ट कार्पोरेशन में जाये, दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन के हाउसिंग डिपार्टमेंन्ट में जाये, लेफ्टिनेन्ट गवर्नर के पास जाये या हाउसिंग मिनिस्ट्री के पास जाये? पिलुर दु पोस्ट उसे चक्कर काटने पड़ते है। तो उनको ये चक्कर न काटने पड़े इसके लिए मैं आपके जरिए मन्त्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि अगर आप वास्तव में कुछ करना चाहते है तो सही ताकत दीजिए। दिल्ली के लोग पोलिटिकल कान्शश हैं, उनकी भी कुछ पोलिटिकल एस्पिरेशन्स है। सिर्फ खिलौने से ही दिल्ली के लोगों की तसल्सी नहीं हो सकती है।

सभापति जी, मैं जानता हूं आप कई बार दिल्ली की बाजारों में जाते है। आप वहां पर साड़ी वाली दूकानों पर जायें तो देखेंगे कि औरत की कलई की हुई लकड़ी की तस्वीर लगी रहती है। बड़ी सुन्दर महिला की वह तस्वीर

होती है जिसके सभी कुछ नाक, कान, होंठ होते हैं लेकिन उसमें जान नहीं है। उसी तरह से यह मैट्रोपोलिटन कोंसिल भी है। वहां पर सारा पैराफर्नेलिया है लेकिन वह भी एक ऐसी महिला है जो कि लकड़ी की है। मैं कहना चाहता हूँ कि अगर आप दिल्ली के लोगों की एस्पिरेशन्स को पूरा करना चाहते है तो उनको कोई जानदार चीज दीजिए। आज दिल्ली के लोग रेड टेपिज्म और डिले के शिकार हो रहे हैं। आपने सारा पैराफर्नेलिया दिया हुआ है लेकिन ताकत कोई नहीं दी है।

आखिर मे मैं कुछ सुझाव देकर अपना भाषण समाप्त करना चाहता हूँ। मेरी मांग है कि मन्त्री महोदय पालिटिक्स को दूर रखकर और दिल्ली के लोगों की भावनाओं को सामने रखकर इस पर विचार करें। यह कोई मेरी पार्टी का सवाल नहीं है। मेरी पार्टी का रवैया तो सिर्फ तीन चार साल से ही बदला है। पहले हम असेम्बली के खिलाफ थे। मैं मानता हूँ कि यह हमारी गलती थी। लेकिन यह तो आपकी पार्टी है जो कि शुरू से ही इस बात की मांग कर रही है। यह एक नान-कांट्रोवर्शल चीज है कि वहां पर एक फुलफ्लेज्ड असेम्बली होनी चाहिए। अगर आपको यह बात महसूस होती हो कि यहां पर एम्बेसीज है, गवर्नमेंट आफिसेज है, केन्द्रीय सरकार है और उसको आप अलग ही रखना चाहते हों तो मैं कहूंगा कि कुछ थोड़ा सा हिस्सा दो तीन लाख की आबादी का अलग रखकर बाकी 40 लाख आदमियों को तो आप कम से कम पूरी असेम्बली दीजिए। अगर यह सुझाव भी आपको मंजूर न हो तो कम से कम कुछ चीजें ऐसी हो सकती है जिनमें गवर्नमेंट आफ इंडिया अपना प्रिविलेज रखे, अपना रिजर्वेशन रखे लेकिन बाकी चीजों के बारे में आप दिल्ली असेम्बली को लेजिस्लेशन की पावर, फाइनेंशियल बजट की पावर्स, एप्वाइन्टमेन्ट की पावर्स और दूसरी पावर्स दे सकते हैं। मैं मन्त्री महोदय से आशा करता हूं कि वे इस सम्बन्ध में न्याय करेंगे। अगर वे न्याय नहीं करेंगे तो मैं सदन से प्रार्थना करूंगा कि वह न्याय करे। अगर यह सदन भी हमारे साथ न्याय नहीं करता है तो फिर हम दिल्ली के लोगों के पास जायेंगे और उनसे न्याय करने के लिए कहेंगे। लेकिन इसके लिए आप हमको मजबूर मत कीजिए। अगर आप त्रिपुरा और मनीपुर की भाषा ही समझते हैं, अगर आप कलकत्ता की भाषा ही समझते हैं जिसको कि हम बोलना नहीं चाहते हैं लेकिन अगर आप एजिटेन्स ही चाहते हैं और उसके बाद ही दिल्ली के लोगों की मांग को पूरा करना चाहते है तो दिल्ली के लोग उसमें भी पीछे नहीं रहेंगे। एक समय आयेगा जबकि आपको मजबूर कर दिया जायेगा कि आप दिल्ली के लोगों की मांग को पूरा करें।

SHRI FRANK ANTHONY (Nominated-Anglo Indians) : Sir, I rise to oppose this motion. It is a little unfortunate that people who till fairly recently seemed to have taken an objective and if I may say so, a national view of this matter, appear today to be climbing, with great respect to my friend, Mr. Kanwar Lal Gupta, on a rather parochial and political handwagon. My friend has canvassed all kinds of analogies-Tripura, Himachal Pradesh and Manipur. In my respectful submission, these analogies are not only misplaced, but completely misconceived. Delhi is the capital of the country. It is *sui generis* and any of these analogies will be completely inapplicable.

My first and foremost objection is this. I venture to say that it is based, it is posited, on the interests of the nation. I am among those who believe that without a reasonably strong centre, a centre that has a reasonable degree of viability, this country will lose its national and political coherence. It will lose its nationhood. Already we see a certain recession of this viability at the centre. The Central Government is obviously in favour of certain measures like the Preventive Detention Act. But because it is in a difficult position, it is unable to implement them fully and if it does implement a measure like that, it does it rather haltingly and with its feet dragging.

What will happen if Delhi has its own legislature ? Immediately law and order will become a State subject. The results will not

[Shri Frank Anthony]

only be absurd but much worse than that; they will be disastrous. The Central Government will be an impotent spectator of communal riots and lawlessness encouraged by political parties. We saw gheraos and deliberate criminality affirmed and encouraged by the then West Bengal Government.

It will just be an impotent spectator of this kind of lawlessness. What little viability is there will be completely eroded. So far as the rest of the country is concerned, if communal riots take place in Delhi the Centre stands by as a helpless spectator, it will be brought not only into disrepute but into contempt throughout the country.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Have you scrapped the Bengal Assembly for good on that score ? You have not.

SHRI FRANK ANTHONY : But the Central Government is not placed in Calcutta. That is why I say Delhi is *sui generis*. With the Central Government placed in Delhi, to stand by as a helpless spectator, as I said, would be something which is utterly inconceivable.

Let us be frank in this matter. I do not want to point a finger or to impute motives. But there is the new class today---the politician and the minister. My friend says that 4 millions of people of Delhi with probably be behind them completely. I doubt it very much. I know something and some of the people in Delhi. I think, they regard this as a completely politically motivated demand. I agree that it will mean more jobs for the power hungry politicians--more ministerships, deputy ministerships and, you know, all the paraphernalia of the new political class. Then, of course, probably some officials may like it because it will mean more and better jobs for them.

But what will happen and is bound to happen ? There is bound to be an inflated budget. Who will meet that inflated budget? I do not know whether you are a permanent resident of Delhi; I am. People like you and me already overburdened will have to carry this further increased burden.

Almost every day I am doing cases against the Delhi Corporation, arguing them in the courts The Delhi corporation--I do not know, perhaps deliberately--has been given more powers than any corporation in the country. What happens ? You have a flabby, corpulent,inflated administration. But much worse than that is that it is an administration which is chronically in debt, which is chronically inefficient and, I say it with a great deal of regret, which is chronically corrupt. Merely enlarging the Delhi Corporation into a legislature is not going to eliminate any of these chronic features All that you will get is that you will get this unhappy image projected in much larger dimensions.

My hon. friend, Shri Kanwar Lal Gupta, said that you have got a multiplicity of authorities I think, there he has got a reasonably good case. People in Delhi do not know where to go and to whom to go. Even when they know where to go and to whom to go, very often the going is completely meaningless because without the proverbial greasing of the palm nothing moves. I will quote an ironical position. In my professional capacity almost every day I am defending corrupt or allegedly corrupt employees of the Delhi Administration. In my capacity as an educationist when I want any plan approved I have to go and grease somebody's palm. Nothing moves without that.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : You should be prosecuted if you grease their palm.

SHRI FRANK ANTHONY : Why should I be prosecuted ?

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Because you are a criminal then. I will have to inform the police.

SHRI FRANK ANTHONY : You will not be able to prove it. It will not be even an extra-judicial confession. I once said it on the floor of the House. I went to the Home Minister and the then Mayor and told about it. I wanted a plan resanctioned, a plan that had already been sanctioned. It took me six months. A bride was demanded when I sent my PA. I said that I would thrash them and they said, let me try on one of them and for another six years I

would not get my plan. And my hon. friend says, why do we have to give bribe ?

What is happening in Delhi? Do you think that anything gets done or moves in Delhi Corporation without paying the meve ment price ?

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Where is the office of the Corporation ? Have you seen the office of the Corporation ? Do you know anything about Delhi ? You are living in Defence Colony, a posh colony, and are talking about Delhi !

SHRI FRANK ANTHONY : My hon. friend thinks that you must knock about in the backstreets of Delhi to know about Delhi. The people of the backstreets of Delhi come to me for their defence.

हमारे पास कौन भले आदमी आते हैं ? सब कारपोरेशन वाले आते हैं डिफेंड करने के लिए ।

In the final analysis, I beg of the Prime Minister not to give way in this matter. Delhi is a certain symbol. It is a symbol for the whole country. It is supposed to symbolise the composite character of the nation. It is supposed to symbolise the mosaic that is India, representing a pluralistic society, a multi-religious society, a multi-linguistic society. Delhi is supposed to symbolise that. God forbid, if some regional, parochial, obscurantist, party comes in power, Delhi will become the negation of the secular motif because, for some people, the secular motif is just a sort of hateful heresy. That is why I beg of the Prime Minister not to remotely even give into this demand because it will only mean an impetus all the divisive forces in the country.

It will also have a tremendous effect on the image of our country in the international sphere. We are trying to project an image from our country that is seeking out in this new age a new explosion, technological and scientific, and that trying to take a place amongst the progressive modern nations of the world. If suddenly some parochial party, comes in power, what image will be projected ? We will project an image of the country which is incorrigibly backward looking, a country that is incorrigibly hide bound by an obscurantist revivalism.

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : सभापति महोदय, आप कंवरलाल गुप्त जी को प्रोटेक्शन दीजिये, वह अकेले हैं ।

श्री शशि भूषण (खारगोन) : मैं उनको प्रोटेक्शन देने के लिए खड़ा हुआ हूं । भगवान के नाम को याद करते हुए श्री कंवर लाल गुप्त ने अपना भाषण शुरु किया । मुझे तो इनको सुनकर बगल में छुरी और मुंह में राम राम वाली बात याद आ गई ।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में असैम्बली होनी चाहिये । इन्हीं लोगों ने 1967 के पहले कहा था कि नहीं होनी चाहिये । अब यह नीति इनकी कैसे बदल गई । यह बात बहुत अहम है कि यहां के लोगों को राजनीतिक अधिकार तो मिलना चाहिये ।

सभापति महोदय, आप जितने लोगों से चुन कर आये हैं वह एरिया दस लाख की आबादी का है । दस लाख लोगों में से आप मेम्बर पार्लियामेंट बने है । लेकिन यहां दिल्ली के सात मैम्बर पार्लियामेंट के हैं जिनको 5 लाख से कम आबादी में से एक चुना गया है—

एक माननीय सदस्य : दिल्ली की पार्लियामेंट हो गई है ।

श्री शशि भूषण : अगर यही बात है तो पहले तो आधे डिजाइन करें, उसके बाद असैम्बली की बात करें । राजनीतिक अधिकार पहले दिन से यहां दिये गये हैं । जब दिल्ली में असेम्बली थी तब जनसंघ का नामोनिशान तक नहीं था । उस वक्त कांग्रेस बरसरे इक्तदार थी । तभी असैम्बली समाप्त की गई थी । कहीं जनसंघ होता तो फिर यह कहना कि यह पोलिटिकल न्याय नहीं है, अन्याय हुआ है । चूंकि हम थे इस वास्ते अन्याय किया गया है । उस वक्त उसकी जरूरत नहीं समझी गई । कारण यह है कि एक राजधानी में दूसरी राजधानी नहीं हो सकती है । यह सम्भव नहीं है । एक राष्ट्र में महाराष्ट्र का होना अजीब सा लगता है । इसी तरह एक घर में दो बहुओं को

[श्री शशि भूषण]

आप भी पसन्द नहीं करेंगे । उसके लिए तो कानून बन गया है, कोड बन गया है ।

अभी इन्होंने एक मिसाल दी । कनाडा में असैम्बली है । क्या वहां के डेमोक्रेडिट राइट्स हैं ये ज्यादा तारीफ करते हैं । लेकिन अमरीका में जहां फैडरल स्ट्रक्चर है या किसी और देश में जहां फैडरल स्ट्रक्चर है, वहां के कैपिटल में दूसरा कैपिटल नहीं होता है । आस्ट्रेलिया में नहीं है । वहां का एरिया दिल्ली से बड़ा है । वहां कैपिटल तो क्या म्यूनिसीपैलिटी तक नहीं है ।

दिल्ली में यहां जो कुछ है, उसको हम देख रहे हैं और यह भी देख रहे हैं कि वह कैसे चल रहा है । अगर यहां एन० डी० एम० सी० और डी० डी० ए० संस्थान नहीं होते तो दिल्ली में कोई तरक्की न होती । जब से दिल्ली में जनसंघ कारपोरेशन में आया है या मैट्रोपोलिटन काउंसिल में आया है, भारत सरकार ने इतना पैसा दिया है कि दिल्ली के पूरे इतिहास में पहले इतना नहीं दिया गया, इस पीरियड में इतना दिया गया है जितना इतने ही पीरियड में पहले कभी नहीं दिया गया । डी डी ए और एन डी एम सी ने तो सम्भाल लिया, वर्ना इनके हाथ में वह होता तो पता नहीं क्या होता ।

जहां तक करप्शन का ताल्लुक है, हो सकता है कि श्री एन्थनी कभी कार्पोरेशन में न गये हों, लेकिन मैं उस बाजार में जाता हूं, जहां मेरे दोस्त पले हैं और बड़े हुए हैं । आढ़तियों की मार्केट में इतनी ब्लैक-मार्केट है कि मैं कह नहीं सकता हूं ।

पिछले दिनों क्या हुआ ? एक साल में सेल्ज टैक्स लगभग आठ गुना बढ़ा दिया । फिर जब पार्टी फंड में रुपया मिल गया, तो उसको पहले के बराबर घटा दिया । सिनेमाघर के लाइसेन्स इस तरह दिये जाते हैं कि उसके बारे में बहुत शिकायतें आती हैं । सी० बी० आई० हैरान और परेशान है कि वह कितने केसिज़ की एनक्वायरी करे ?

श्री स० मो बनर्जी : जबसे यहां जनसंघ आया है, तब से यहां जांडिस शुरू हो गया है । जांडिस का रंग भी पीला और जनसंघ का रंग भी पीला ।

श्री शशि भूषण : श्री नन्दा ने एक प्लान रखा था कि कोई ट्र-टायर सिस्टम होना चाहिए, पांच छः छोटी-छोटी म्यूनिसिपैलिटीज हों, एक कार्पोरेशन हो और उन संस्थाओं का सिविक नेचर होना चाहिये । तभी दिल्ली में कोई एडमिनिस्ट्रेशन सही तौर पर और कायदे से चल सकती है । आज हालत यह है कि सारे देश से पैसा इकट्ठा कर के दिल्ली में लगाते हैं और उस का पता नहीं चलता है ।

इस वक्त भी दिल्ली की सारी जिम्मेदारी पार्लियामेंट पर है । अब भी दिल्ली के डेवेलपमेन्ट का सारा हैडेक पार्लियामेन्ट पर है । यहां पर सबसे बड़ी आबादी क्लाकर्स की है । उनके लिए मकान बनाना और दूसरी व्यवस्था करना सैन्ट्रल गवर्नमेन्ट का काम है । दिल्ली का जितना काम है, वह केन्द्रीय सरकार से संबंधित है । सारे देश से जो बड़े बड़े अफसर आते हैं, यहां पर बिदेशों के जो दफतर हैं, वे सब सैंट्रल गवर्नमेंट से सम्बन्धित हैं । अगर बीच में यह नई दुकान खड़ी हो जाये, तो ऐसा लगेगा कि एक अच्छी मार्केट में एक खोखा खड़ा हो गया है ।

श्री स० मो० बनर्जी : और वह भी अनस्थाराइज्ड ।

श्री शशि भूषण : माननीय सदस्य ने कहा है कि मेट्रोपालिटन कौंसिल एक विषकन्या की तरह है - वह औरत की एक सुन्दर मूर्ति की तरह है, जिसमें जान नहीं है । यह ठीक है, लेकिन उसकी वजह यह है कि उसमें लोग ही

ऐसे बैठे हैं, वर्ना उसके पास काफी अधिकार हैं।

इन सब बातों को देखते हुए मैं समझता हूं कि दिल्ली में एसेम्बली तो दूर रही, मेट्रोपालिटन कौंसिल भी न हो, सिर्फ कार्पोरेशन हो। यहां पर बेचारे शिक्षकों का बेड़ा गर्क हो गया है। उनमें दो साथी भूख-हड़ताल कर रहे हैं, जेलों में धीरे-धीरे मर रहे हैं, क्योंकि उनको कारपोरेशन, मेट्रोपालिटन कौंसिल वगैरह दुनियां भर के चक्करों में फंसा रखा है। यहां कार्पोरेशन रहे और उसका सिविक नेचर हो। तभी दिल्ली का काम अच्छी तरह चलेगा। बड़े पन्तजी ने इन्हीं सब बातों को सोच समझकर दिल्ली ऐसम्बली को तोड़ दिया था, हालांकि उसमें हमारा बहुमत था।

SHRI S. KANDAPPAN (Mettur): It was very interesting to find the Jana Sangh Member pleading very vehemently that we should go on adding to our already multi-fold States in our country. It is all the more interesting that I, for one, who has always pleaded for more autonomy and and decentralisation, should speak against that of motion Mr. Gupta and vehe mently oppose it.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: There you are allied. We know.

SHRI S. KANDAPPAN : Mr. Gupta even went to the extent of issuing a threat before he concluded his speech that there will be an agitation if the Government does not concede their demand.

I have been very carefully listening to Mr. Gupta's agruments and all the arguments that he has made in justification for creation of a separate State for Delhi, probably he would not have made if the Jana Sangh had an experience of running a State Government, because the socalled delay that he has mentioned in the administration is a day-to-day experience of all the State Governments in this country. Even the well recognised States and bigger States in this country do have that kind of difficulties while dealing with the Centre and in sending the papers. Because of the proliferation and duplication in the administration there is so much delay. Something could be done to avoid all that. But that does not justify the creation of a separate State.

The other plea was that the local aspirations; particularly, of the neglected and the down-trodden sections of the Delhi population should be met. That, I am sure, could be met by the Centre as well as by the Metroplliton Council and other agencies without the creations of a State.

Apart from what Mr. Frank Anthony has pointed out,-which is very valid argument, I would like to point out certain other factors. Mr. Gupta as well as others have got to recognise that simply because Delhi happens to be the capital of this country is has added many advantages to the residents of Delhi. Nobody can deny that. If you take the *per capita* income of Delhi it is three times of the all India average. This is to be judged by the yardstick that is allowed in juding backward or under-developed country. I think it is 100 dollars or so. That is taken as a standard. If a country has below 100 dollars that is considered to be an under-developed country and if it is above 100 dollars *per capita* that is considered to be an advanced or developed country. According to that standard I think, Delhi is a doveloped area.

